दिन– मंगलवार दिनांक– 09 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने आज ही के दिन वर्ष दो हजार चौबीस को लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। अपने तीसरे कार्यकाल में सरकार आर्थिक विकास, बुनियादी ढांचे के विस्तार, सामाजिक कल्याण, रोजगार सृजन और वैश्विक मंच पर भारत की स्थिति को मजबूत करने जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दे रही है। पिछले एक वर्ष में विकास को गति देने और नागरिकों के जीवन को अधिक सुगम बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण पहलें की गई हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले बारह वर्षों में, भारत ने गरीबों के कल्याण और अभूतपूर्व विकास दोनों को एक साथ साकार होते देखा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने अथक प्रयासों से राष्ट्र और नागरिकों की सेवा की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व ने पिछले बारह वर्षों में सेवा भावना के माध्यम से शासन को नया रूप दिया है और यह सुनिश्चित किया है कि विकास का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे।

———————————————————

राज्य में नये डिग्री महाविद्यालयों में अतिथि शिक्षकों की बहाली पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गयी है। बिहार लोकभवन से जारी आदेश में कहा गया है कि नये दिशा–निर्देश तय होने तक प्रखंडों में स्थापित होने वाले डिग्री कॉलेजों में अतिथि शिक्षकों के चयन अथवा नियोजन की प्रक्रिया शुरू नहीं की जाएगी।

———————————————————

राज्य सरकार वैश्विक बिहारी समुदाय को प्रदेश के विकास, निवेश और नवाचार की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए एक विशेष डिजिटल प्लेटफॉर्म की शुरूआत कर रही है। सूचना प्रावैधिकी मंत्री नीतीश मिश्रा आज पटना स्थित टेक्नोलॉजी भवन में इस डिजिटल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ करेंगे। सूचना प्रावैधिकी विभाग के अनुसार यह प्लेटफॉर्म देश–विदेश में बसे बिहार मूल के लोगों को राज्य की विकास यात्रा, निवेश अवसरों और ज्ञान–साझाकरण की पहलों से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगा।

———————————————————————

एशिया कप अंडर– 18 हॉकी ट्रॉफी की विजेता भारतीय टीम के गोल कीपर सावन कुमार का आज पटना पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सावन कुमार ने अंतरराष्ट्रीय पटल पर बिहार का नाम रौशन किया है। गौरतलब है कि सावन कुमार पटना स्थित आर. के. राय अकादमी, पटना में प्रशिक्षण लेते हैं।

———————————————————————

प्रदेश का अधिकतर हिस्सा भीषण गर्मी की चपेट में है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान तैंतालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास का डेहरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। पटना, गयाजी और औरंगाबाद का तापमान इकतालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। वहीं, राज्य के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों में कुछ स्थानों पर बारिश का पूर्वानुमान है।

———————————————————————

जमुई जिले के खैरा थाना क्षेत्र अंतर्गत भौंड बालू घाट स्थित चालान सेंटर से अपराधियों ने हथियार के बल पर आठ लाख रुपये लूट लिए। लूट का विरोध करने पर अपराधियों ने दो कर्मचारियों पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया।

———————————————————————

सहरसा के जिला शिक्षा विभाग कार्यालय भवन के तीसरे मंजिल पर शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। अगलगी की घटना में लाखों रुपये मूल्य की संपत्ति जलकर नष्ट हो गयी।

———————————————————————

सुपौल के भपटियाही थाना क्षेत्र के बनेनिया कोसी घाट पर एक नाव असंतुलित होकर पलट गयी। स्थानीय लोगों की मदद से सभी नाव सवार लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है।

———————————————————————

शेखपुरा उपभोक्ता संरक्षण फोरम के जज रमन कुमार ने इंडियन बैंक शेखपुरा के शाखा प्रबंधक और यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, कोलकाता के शाखा

प्रबंधक को गिरफ्तार करने का आदेश जारी किया है। मेडिकल क्लेम नहीं देने के मामले में दायर याचिका पर फोरम ने यह आदेश सुनाया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।